## न्यूज गैलरी

### छात्र अपने अंदर व्यवसायिक दृष्टिकोण पैदा करें : निदेशक

नामकुम। राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान नामकुम में चल रहें दस दिवसीय प्राकृतिक राल एवं गोंद विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को समापन सत्र में कोयलांचल विवि, धनबाद के बिनोद बिहारी महतो गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम के बी.एस.सी. एवं एम.एस.सी. (कृषि) संकाय के 45 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक, डॉ. अभिजीत संबोधित करते हुए छात्र अपने अंदर व्यवसायिक दृष्टिकोण पैदा करें ताकि प्राकृतिक राल एवं गोंद के क्षेत्र में उत्पाद संबंधित विकास कार्यो को बढ़ावा मिले। उन्होने छात्रों को आस्वस्थ किया कि भविष्य में आपके द्वारा स्वीकार योग्य सुझावों को संस्थान अवश्य ग्रहण करेगा। लाख कीट पालन, प्रसंस्करण एवं उनके उपयोग के क्षेत्र में कृषि के क्षात्र-क्षात्राओं के लिए अपार संभावनाएं है तथा इसमें वे अपना भविष्य बना सकते है। मौके पर उत्पादन एवं प्रसार प्रबंधन विभाग के डॉ निर्मल कुमार व डॉ. राहुल आर. बाकड़े ने प्रशिक्षण के मूल्यांकन को प्रस्तुत किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रदोष कुमार परमगुरु ने किया।

### 11 हजार तार की चपेट में आने से दो की मौत

नामकुम। बेलबगान स्थित साहू कंपलेक्स के बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के समीप विगत मंगलवार की दोपहर में 11 हजार वोल्ट की तार के चपेट में आने से दो युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार साहू कंपलेक्स के समीप नवनिर्मित रेस्टुरेंट के बोर्ड लगाने के लिए दो लोग पोल चढ़े थे, लेकिन इस दौरान बिजली के तार के चपेट में आते ही एक व्यक्ति की मौत पोल से गिरते मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति की मौत इलाज के क्रम में मौत होने की सूचना मिली रही है। वहीं मौके पर पहुंचे एएसआई मदन मिश्रा ने जांच करते हुए बताया कि उन्हें सूचना मिली है एक व्यक्ति की मौत हो चूंकि है, वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। जांच के दौरान बोर्ड के ठेकेदार फोन पर संपर्क की जा रही है, लेकिन वह फोन नही उठाने के कारण मृतक की जानकारी प्राप्त हो सकी है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है।

### अवैध शराब माफियाओं को बोतल सप्लाई करने पर दर्ज होगा केस

रांची। अवैध शराब के खेल में अब कबाड़ी वाले भी भागीदार बन गए हैं। शराब माफियाओं को कबाड़ी वाले ही बोतल की सप्लाई करते हैं। उसी बोतल में नकली शराब असली बोलकर बाजार में बेचा जा रहा है। उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की जांच में इसका खुलासा हुआ है। अब विभाग ने शराब माफियाओं को बोतल सप्लाई करने वाले कबाड़ी वालों की सूची तैयार करेगी। दोनों विभागों की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की अलग-अलग टीम बनायी गई है। गठित टीम को निर्देश दिया गया है कि जिन शराब कारोबारियों को जेल भेजा गया है, उनके बयान के आधार पर कबाड़ी वालों की सूची बनाए। साथ ही शहर में अवैध रूप से शराब माफियों को बोतल सप्लाई करने वालों का भी पता करें। बताया जा रहा है कि विभागीय टीम सूची तैयार करने के बाद कबाड़ी वालों पर भी अलग से केस दर्ज कर उसे जेल भेजेगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शराब की खाली बोतल कबाड़ी वाले ही अवैध शराब माफियाओं को महैया कराते हैं। कबाड़ी वाले खाली बोतल की कीमत पांच से आठ रुपए प्रति के हिसाब से शराब माफियाओं को देते हैं। वहीं कबाड़ी वाले कचरा चुनने वाले और होटल संचालकों से प्रति बोतल दो रुपए में खरीदते हैं। माफिया उस बोतल की सफाई करने के बाद उसमें शराब भरकर बाजार में बेच देते हैं। विभागीय और पुलिस की टीम ने कई कारोबारियों के शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जेल भेजने से पहले हुई पूछताछ में कारोबारियों ने अधिकारियों के समक्ष बोतल सप्लाई करने वालों के नामों की भी जानकारी दी है। हालांकि अब तक विभाग के स्तर से कबाड़ी वालों पर कार्रवाई नहीं की गई है। रामलीला रवानी, सहायक उत्पाद आयुक्त ने क हा कि हालांकि ये गोरखधंधा अब उजागर हो चुका है अवैध शराब कारोबारियों की गिरफ्तारी से ये बाते सामने आई है और यही वजह है की अब ऐसे कबाड़ी वालों की लिस्ट उत्पाद विभाग और पुलिस तैयार कर रही है। इस लिस्ट में रांची के कई कबाड़ी एक शमिल है जिसमे नामकुम, बूटी मोड़ में बैठे बड़े कबाड़ी के व्यापारी भी शामिल है। वही इस खेल में एक बात सामने है की कबाड़ी वाले से खाली बोलते ले के बाद बोतल के ढक्कन और रैपर कोलकाता के फैक्ट्री से मंगाया जाता है इस बात का खुलासा रांची पुलिस के इन्वेस्टिगेशन में सामने आया है।

जनजातीय गौरव दिवस पर खूंटी में केंद्रीय संचार ब्यूरो की पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

# स्कूली बच्चों ने प्रदर्शनी देखकर स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में नई जानकारियां हासिल कीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, रांची द्वारा आयोजित मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व लोकसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा के डिप्टी स्पीकर रहे पद्मभूषण करिया मुंडा के कर कमलों द्वारा बिरसा कॉलेज ग्राउंड में संपन्न हुआ। इस प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में भारत सरकार के जनजातीय मामलों मंत्रालय के सचिव अनिल झा (जो कि खूंटी जिला में सरकारी दौरे पर आए थे) ने भी भाग लिया, और विभाग के प्रयास की सराहना की। इस प्रदर्शनी से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय जनता भी लाभान्वित हो रही है और राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में नई जानकारियां हासिल कर रहे हैं। केंद्रीय संचार ब्यूरो के इस प्रदर्शनी का बिरसा कॉलेज ग्राउंड में कडिया मुंडा जी ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा प्रदर्शन स्थल पर भगवान बिरसा मुंडा के फोटो पर भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अपर महानिदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो श्री अखिल मिश्रा ने मुंडा जी को शॉल एवं पौधा पेश कर उनका अभिवादन किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद अपनी बात रखते हुए श्री कडिया मुंडा ने कहा कि यह प्रदर्शनी केंद्रीय संचार ब्यूरो, भारत सरकार का एक उत्तम प्रयास है। ऐसी प्रदर्शनी ब्लॉक स्तर पर भी लगनी चाहिए ताकि झारखंड का आदिवासी समाज और सभी समाज के लोग इन जानकारियों से अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें। भारत सरकार के जनजातीय मामलों के सचिव श्री अनिल झा जी ने भी प्रदर्शनी में दर्शाए गए तथ्यों को महत्वपूर्ण बताया और आशा व्यक्त की कि यहां दर्शाए गए जानकारियों से सभी देखने वाले लाभान्वित होंगे। टाउन हॉल खूंटी में चल रहे प्रदर्शनी के उद्घाटन के समय कल बिरसा कॉलेज ग्राउंड, खूंटी में पत्र सूचना कार्यालय, रांची एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी के आयोजन को उपयोगी बताया और आशा व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में इस प्रदर्शनी से अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे।

## सीयूजे में जनजातीय गौरव समारोह का समापन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची / मांडर ।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस और तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर डॉ. आशा लकड़ा ने अपने ओजस्वी भाषण में बिरसा मुंडा के अदम्य शौर्य, वीरता और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाए जाने का निर्णय एक सराहनीय कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा हुए सेमिनार और वाद विवाद प्रतियोगिता की सराहना की और प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। समापन समारोह के मुख्य वक्ता प्रोफेसर वसंत पांडा ने जनजातीय संस्कृति और भारतीय सभ्यता में भाषाई शोध के बारे में चर्चा की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ का उदाहरण देकर कई साक्ष्य प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर क्षिति भूषण दास ने समारोह में आए सभी देश विदेश के विद्वानों और सेमिनार आयोजकों की सराहना की। उन्होंने नेपाल, मंगोलिया, इटली एवं अमेरिका से जुड़े विद्वानों को धन्यवाद दिया। डीन कल्चर डॉ सुचेता सेन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के योगदान को सराहा। कार्यक्रम के संयोजक सचिव डॉ रजनीकांत पांडे ने मंच संचालन करते हुए तीन दिन के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सेमिनार के दौरान 20 इन्वाइटेड लेक्चर और 100 के ऊपर शोध पत्र पढ़े गए। उन्होंने इसके सफल आयोजन के लिए नेहा, स्वाति, तुषार, अंकित, डॉ सीमा , डॉ शमशेर आलम, डॉ रविंद्र नाथ शर्मा एवं डॉ राजेश का धन्यवाद किया।

## ई-विद्यावाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें : उपायुक्त

**रांची ।** बुधवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, एडीपीओ झारखंड शिक्षा परियोजना, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रों के बैंक अकाउंट खोलने, शिक्षक-छात्र की उपस्थिति, बीआरपी-सीआरपी के स्कूल भ्रमण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना इत्यादि की उपायुक्त द्वारा विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की समीक्षा की। उपायुक्त द्वारा बचे हुए छात्रों का प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप छात्रों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी स्कूलों को आईडी और पासवर्ड मुहैया करा दिया गया है।

रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन

## एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज फाइनल में, राम रोशन का शानदार शतक




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्व विद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन सेमीफाइनल मैचों में मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने संत जेवियर कॉलेज को तथा गत वर्ष के उपविजेता एसएस मेमोरियल कॉलेज की टीम ने मेजबान डोरंडा कॉलेज को 103 रनों के भारी अंतर से पराजित कर फाइनल में अपना अपना स्थान सुरक्षित किया। गोल चक्कर मैदान में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में एसएस मेमोरियल के कप्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट पर 212 रनों का स्कोर खड़ा किया जवाब में डोरंडा कॉलेज की टीम 18.5 ओवर में 109 रन पर ही सिमट गई । एसएस मेमोरियल की ओर से कप्तान नागेंद्र मिश्रा ने सर्वाधिक 49 रन बनाए जनार्दन साईं ने 43 अमन ने 34 आदित्य ने 20 रनों का योगदान किया सतीश प्रशांत और सत्यम को दो-दो विकेट मिले ।डोरंडा कॉलेज की ओर से दिव्यांशु ने 20 रन बनाया वही मनीष ने 21 रन टीम के लिए जोड़े। शेष बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। नागेंद्र मिश्रा ने 19 रन देकर 4 विकेट लिया राहुल और अमन को एक-एक विकेट मिला। रॉक मैन क्रिकेट ग्राउंड शाखा मैदान में खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल मैच में संत जेवियर कॉलेज के कप्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट पर 223 रन बनाए ।जवाब में मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 227 रन बनाकर मैच को जीत लिया इस जीत में राम रोशन ने शानदार 117 रनों की उम्दा पारी खेली श्रेष्ठ सागर ने 65 और शुभम ने 28 रनों का योगदान किया।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda,
Ranchi-834002 e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Short Notice
1st Call
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/21/22-23
Dated 16.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Plan with ownership details and preparation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Plan & Forest Diversion Proposal as required for road Meeting point of Karkatta river and Tanju Nala to Dushmile-Gundu road at Namkum Block in Khunti district in the state of Jharkhand.from Consultant's empanelled in Category- II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 9.244 Km, |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 17.11.2022, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 05.12.2022, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 06.12.2022, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhawan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
PR 282398 Road(22-23).D Road Construction Department,Ranchi .

### राउरकेला रेड को हराकर मेकॉन क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**रांची।** राउरकेला रेड को 2-1 से हराकर मेकान रांची की टीम चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूनामेंट गेतलसूद के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में मेकान का मुकाबला केपीएल पेरतोल से होगा। बुधवार को गेतलसूद फुटबॉल मैदान में खेले गए मुकाबले में मैच के चौथे मिनट में राउरकेला के क्षितिज ने शानदार गोल कर टीम को एक गोल से बढ़त दिला दी। मेकान के बाबा नायक और राकेश कुमार महतो को येलो कार्ड दिखाया गया। मेकान के अश्विन पूर्ति को प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के परियोजना प्रबंधक विनय अंगीरा और विशिष्ट अतिथि ओरमांझी पूर्वी की जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, कार्यपालक अभियंता संजय सिंह और प्रवीण कुजूर मे संयुक्त रूप से किया।

## झारखंड की संस्कृति को बहुत खूबसूरती से पेश किया गया, मोर संगी आई लव यू देखने का अंतिम मौका आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** नागपुरी फिल्म मोर संगी आई लव यू को 3 भाषा नागपुरी छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी में निर्मित है। झारखंड की संस्कृति को बहुत खूबसूरती से पेश किया गया है । इसमें संप्रदायिक सौहार्द को बड़े अनोखे तरीके से पेश किया गया है । फिल्म देखने के बाद अदनान मल्लिक ने बताया कि इतनी अच्छी फिल्म अगर नहीं देखता तो बाद में पछतावा होता ।फिल्म कल भर रहेगी शुक्रवार से दूसरी फिल्म लगने वाली है ।इस फिल्म को देखने के लिए मैं रांची वासियों से अपील करता हूं। मोहम्मद काशिफ ने बताया कि यह फिल्म बहुत अच्छी है मुझे बहुत पसंद आया यह पारिवारिक फिल्म है। दुर्भाग्य की बात है फिल्म में भीड़ बहुत कम है ज्यादा से ज्यादा लोग इस फिल्म को देखना चाहिए क्योंकि अपनी भाषा की फिल्म है। नाजिश ने बताया कि रांची शहर का आदमी इतना उम्दा फिल्म बनाया है । हमें तो ऐसे लोगों को सम्मानित करना चाहिए ।निमार्ता-निर्देशक नवीन जी जो सोचकर फिल्म बनाए थे वैसा नहीं हुआ मुझे लगता है कि अब वह नागपुरी फिल्म नहीं बनाएंगे और हिम्मत भी नहीं करेंगे।

### प्रणव झा को मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में ए आई सी सी समन्वयक बनाए जाने पर बधाई

**रांची ।** झारखण्ड के बोकारो से सम्बध्द भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के सचिव प्रणव झा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में ए आई सी सी समन्वयक बनाये जाने पर झारखण्ड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर , नेता विधायक दल आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की , गीता कोड़ा , जलेश्वर महतो , शहजादा अन्वर, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद राकेश सिन्हा डॉ एम तौसीफ डॉ राकेश किरण, मानस सिन्हा, संजय लाल पासवान ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०-03/2022-23

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 25.11.2022 को (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन् से 3:00 बजे अपराहन तक) |
| 4 | निविदा जमा की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक 28.11.2022 (11:00 बजे से 3:00 बजे तक) स्थान :-(क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, हजारीबाग अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान एवं समय | ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, दिनांक-29.11.2022 को 02:00 बजे अपराहन् |
| 6 | कार्य की विस्तृत विवरणी | जिला अनाबद्ध निधि |

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | योजना कानाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पतरातु | पतरातु-रॉंची मुख्य पथ (पतरातु डैम) पलानी झरना तक जाने वाले पथ का निर्माण कार्य भाग-3 (0.250 कि0मी0) | 4274000.00 | 86000.00 | 5,000.00 | 28 फरवरी 2023 तक |

7. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ (Executive Engineer, RWD, Works Division, Ramgarh) के पदनाम से देय होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164)में भुगतेय होगा।
9. ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार/पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार, के अन्तर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगें।

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचनापट् पर देखा जा सकता है।

नोट :-10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से- (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.282430 Rural Work Department(22-23):D

## बीएयू में नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, आंखों की नियमित देखभाल और विकारों पर विशेष ध्यान जरुरी : कुलपति



रांची। आंखों की समस्याएं हमारे जीवनशैली में आये बदलावों की वजह से बढ़ रही हैं। इनमें विशेष तौर पर टीवी, मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से होनेवाली समस्याएं भी शामिल हैं। आज के युवा एवं बच्चे भी इस जोखिम से अछूते नहीं हैं। आमतौर पर दृष्टिबाधिता और नेत्रहीनता का कारण बननेवाली नेत्र समस्याएं मोतियाबिंद व ट्रेकोमा की वजह बनती है। इसलिए आंखों विकारों के प्रति लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। आंखों की नियमित देखभाल और विकारों पर विशेष ध्यान देनी चाहिए। उक्त बातें कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय चिकित्सालय में बुधवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कही। मौके पर कुलपति ने अपने नेत्र की विधिवत जांच कराया और डॉक्टर से अपनी आंख से सबंधित परामर्श प्राप्त किया।मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा ने बताया कि इस निः शुल्क नेत्र जांच शिविर में विश्वविद्यालय के 160 पदाधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने नेत्र जांच किया गया। डॉ. वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि नेत्र की रोशनी चले जाने से व्यक्ति अंधकारमय जीवन बिताने लगता है, पूरी जिंदगी अंधकारमय हो जाती है। इसके कारण लोग निराशा और उदासी में जीवन व्यतीत करने लगते हैं। इसलिए आवश्यक है कि समय-समय पर अपनी आंखों की जांच कराते रहें और चिकित्सकों द्वारा बताये गये उपायों को अपनाते रहें। साथ ही अपना ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रोल, पाचन क्रिया को सही रखें जिससे की आंख की रोशनी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। डॉ. वर्मा ने बताया कि शिविर में आयुष हॉस्पिटल, रांची के डॉक्टर तथा पारा मेडिकल स्टाफ की टीम ने भाग लिया। जिनमें डॉ. स्वर्णिम, मशीन ऑपरेटर सांची कुमारी, राजू कुमार, मार्केटिंग ऑफिसर मनीष कुमार और श्रीहर्ष शामिल थे। इस टीम ने फ्री मेडिकल कैंप का सफलतापूर्वक संचालित किया, जिन्हें विश्वविद्यालय हॉस्पिटल के मुमताज आलम एवं डॉ. गीता ने सहयोग दिया। फॉलोअप के लिए नेत्र रोगियों को आयुष हॉस्पिटल, रांची में जांच हेतु आने और ओपीडी में निःशुल्क जांच की बात कही गयी।

संजय सर्राफ झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी बने

## अधिवेशन में पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में मारवाड़ी भवन में आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन में सामाजिक एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं कुशल कार्यों के लिए अधिवेशन स्वागत समिति के मीडिया संयोजक सह सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने संजय सर्राफ को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का कार्यभार सौंपा है। अधिवेशन में झारखंड के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, रांची के विधायक सीपी सिंह, कोल्हान विवि के उपकुलपति डॉ. पवन पोद्दार, रांची रेलवे के डीआरएम प्रदीप गुप्ता, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, रांची के उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, सम्मेलन महिला की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीरा बथवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सरावगी, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, रांची जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार, पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू मुख्य रूप से उपस्थित थे। तथा अधिवेशन में कई राज्यों एवं झारखंड के सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## न्यूज गैलरी

### हस्त शिल्पकारों के लिए एक दिवसीय चौपाल का हुआ आयोजन



**बरही।** बांस व चमड़ा पर आधारित कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को जन जागरण केंद्र हस्त शिक्षा केंद्र रांची के द्वारा एकदिवसीय चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे बाराटांड, तुरी टोला, करियातपुर, बरसोत आदि क्षेत्रों से लगभग 200 महिला हस्तशिल्पकार शामिल हुए। कार्यक्रम में बीएओ आजाद सिंह, सुरेश चंद्र महतो, संस्थान के निदेशक अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। उपस्थित शिल्पकारों को केंद्र के निदेशक ने सरकार द्वारा शिल्पकारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बीएओ ने कृषि व तकनीक संबंधित विभिन्न जानकारियां दी। उद्योग विभाग के पदाधिकारी के द्वारा कुटीर उद्योग संचालन हेतु बैंको से ऋण लेने के तरीके, उद्योग संचालन की विधि आदि पर विस्तार से जानकारियां दी गई।

### सर्प दंश से महिला की मौत, पुत्र हुआ अनाथ



**बरही।** सर्पदंश से रानीचुआ पंचायत के कूटमा ग्राम की एक महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीया मसोमात सोनिया पति स्व हरिलाल सुबह काम करने के लिए अपने खेत में गई थी। इसी दौरान रसेल वाईपर (चिहरचंदा) नामक सांप के डंसने से महिला घायल हो गई। सूचना मिलते ही राजदेव यादव, महेश सोरेन, रवि सिंह, बाबूलाल हांसदा, धनी हांसदा, बालो हंसदा, सोना राम, मनोज पासवान आदि कई लोग पहुंचे। 108 की मदद से महिला को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। ईलाज के दौरान हजारीबाग में महिला की मृत्यु हो गई। जिसका शव अंत्यपरीक्षण के बाद गांव पहुंचा, जिसका देर संध्या अंतिम संस्कार किया गया। विदित हो कि महिला के पति की मृत्यु दो वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में मृत्यु हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका अपने पीछे एक 16 वर्षीय पुत्र छोड़ गई है। जो अब बिल्कुल ही बेसहारा हो चुका है।

### दूसरे दिन भी सीबीआई व फोरेंसिक टीम ने दुलमहा का किया दौरा

**बरही।** चर्चित रुपेश हत्याकांड मामले को लेकर दिल्ली से पहुंची सीबीआई और फॉरेंसिक की टीम ने दूसरे दिन भी दूलमहा और लखना गांव में निरीक्षण कार्ड जारी रखा। इस दौरान जली हुई गाड़ियों सहित कई आवश्यक विंदुओ पर गहन अध्ययन किया। दूसरे दिन दोनों टीमों के साथ पुलिस निरीक्षक ललित कुमार भी मौजूद रहे। हालांकि जांच के संबंध में टीम के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई प्रेस बयान अब तक जारी नहीं किया गया।

### हनुमंत मंदिर में 24 घंटे का हरि कीर्तन, उमड़े श्रद्धालु

**चौपारण।** प्रखंड के जीटी रोड चौपारण के बजरंग टोला में ग्रामीण श्रद्धालु ने विहिप के साथ मंगलवार के सुबह छह बजे से 24 घंटे का हरि कीर्तन शुरू हुआ। क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे की मन्नत को लेकर गांव के हनुमंत मंदिर प्रांगण में आयोजित अखंड हरि कीर्तन बुधवार को छह बजे समाप्त हुई। हरि कीर्तन में गांव के श्रद्धालु उमड़ पड़े। हरि कीर्तन में हेमराज साव, सुरेश साव, श्यामलाल साव, शिवा यादव, अशोक केसरी, सोनू साहू संतोष ठाकुर, अनीता देवी, मीना देवी, उषा देवी, किरण देवी, शकुनी देवी, अरविंद कुमार, राजा कुमार, प्रदीप कुमार सहित महिला-पुरुष, किशोरी और बच्चे झुमते रहे।

### विहिप का हित चिंतक अभियान जोरों पर



**बरही।** विश्व हिंदू परिषद का प्रखंड में हित चिंतक अभियान जोरों पर है। इस क्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भ्रमण कर कार्यकताओं के द्वारा हित चिंतक बनाए जा रहे है। इसी क्रम में बुधवार को विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा करियातपुर पंचायत में अभियान चलाया गया। जिसमे सैकड़ो लोगो ने उत्साहपूर्वक अभियान से जुड़कर सदस्यता ग्रहण किया। विदित हो कि यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर 6 नवंबर से 19 नवंबर तक चलाया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन कुमार केसरी, मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, करियातपुर पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, मंत्री कमलेश कुमार कुशवाहा, रितेश केसरी, संतोष कुमार प्रजापति, संतोष केशरी, विनोद कुमार केसरी, संदीप केशरी, गौतम केशरी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नगर निगम बोर्ड की बैठक सम्पन्न

**हजारीबाग।** महापौर रोशनी तिर्की की अध्यक्षता में आज नगर निगम हजारीबाग की बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, पार्षदगण, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, नगर प्रबंधक, अभियंतागण, प्रधान सहायक, लेखापाल उपस्थित थे। बैठक में योजनाओ के अतिरिक्त झील रोड़ स्थित भवन की बंदोबस्ती का प्रस्ताव पास हुआ। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत आठ जगहों पर मार्केट का निर्माण किया जाएगा। ये स्थल है डेली मार्केट, सरदार रोड़, पिपरिया स्कूल, रविंद्र पथ, निर्मल महतो पार्क के सामने, काली बाड़ी, डंपिंग ग्राउंड तथा पालिका मार्केट को बहुमंजिला करने का प्रस्ताव पास हुआ। सभी वार्डो में दो-दो हाई मास्ट लाईट लगाया जाएगा तथा सड़को के किनारे एलईडी रोप लाईट लगाया जाएगा।

### आकाश ने रेलवे इलेक्ट्रिकल पद पर पाई सफलता

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल के छात्र आकाश गुप्ता पिता नकुल गुप्ता आरआरबी सिकंदराबाद की परीक्षा 2022 में रेलवे इलेक्ट्रिकल पद पर सफलता हासिल की है। आकाश गुप्ता इसी विद्यालय से वर्ष 2014 में मैट्रिक और वर्ष 2016 में इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग से इंटर तथा संत कोलंबस कॉलेज से स्नातक डिग्री लेकर कॉम्पिटिशन की तैयारी में लग गये और अपनी मेहनत से सफलता प्राप्त की ' पिता नकुल गुप्ता कटकमसांडी चौक पर एक छोटा सा गुमटी में घड़ी मरम्मत करने का काम करते हैं। बुधवार को आकाश गुप्ता विद्यालय पहुंच कर सभी गुरुजनों से आशीर्वाद लिया।

---

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन, कहा

# देश के विकास व समाज को आगे ले जाने में पत्रकारों का योगदान काफी महत्वपूर्ण

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में द रोल ऑफ मीडिया इन नेशन डेवलपमेंट विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के क्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले के विभिन्न संस्थानों से आए मीडिया प्रतिनिधियों/पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने एवं देश की आजादी के उपरांत देश को आगे ले जाने में जिस प्रकार से पत्रकारों ने अपना योगदान दिया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राजा राममोहन राय सहित कई अन्य स्वतंत्रता सेनानी थे जो पूर्व में पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए थे। आज के दौर में जब लोगों तक पहुंचने के लिए विभिन्न साधन उपलब्ध हैं ऐसे में पत्रकारों का दायित्व और भी बड़ा हो जाता है कि किस प्रकार से किसी खबर को इस तरह से प्रस्तुत किया जाए कि वह समाज व देश के विकास में अपना योगदान दे सके। उपायुक्त ने कहा कि चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ आप सभी स्वतंत्रता से अपने कार्यों को करते हैं इसलिए यह और भी जरूरी है कि खबरों को पारदर्शी तरीके से तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया जाए। मौके पर उपायुक्त ने सभी पत्रकारों को देश के प्रसिद्ध पत्रकारों का उदाहरण देते हुए उनसे प्रेरणा लेते हुए देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दी।

संगोष्ठी के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में आपका योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। आपके द्वारा जो भी कार्य किए जाते हैं वह प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से समाज के विकास में काफी कारगर साबित होता है। कई बार सुदूरवर्ती क्षेत्रों से लोगों की समस्याएं जब आपके द्वारा उठाई जाती है तो उन पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत संज्ञान लेकर संबंधित समस्या का निष्पादन कराया जाता है। इस तरह का कार्य सराहनीय है और यह बताता है की आप सभी अपने दायित्व को समझते हैं एवं समाज व देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की । वहीं, उन्होंने सभी पत्रकारों से देश व समाज के विकास में अपना योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकार मनोज सिंह, नंदकिशोर अग्रवाल, स्वामी नंदन, उमेश सिन्हा, जयंत कुमार सहित अन्य पत्रकारों ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में द रोल ऑफ प्रेस इन नेशन बिल्डिंग विषय पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचार रखे। मौके पर सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों से आए मीडिया प्रतिनिधियों/ पत्रकारों सहित अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर धनवार मुखिया ने पत्रकारों को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के द्वारा बरही के सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्यातिथि बीडीओ सीआर इंदीवर ने किया। सम्मान समारोह में करियतापुर मुखिया मनोज कुमार भी मौजूद थे। कार्यकर्म का आयोजन प्रखंड कार्यालय स्थित रोजगार सेवक कक्ष में किया गया था। इस अवसर पर धनवार मुखिया ने सभी पत्रकारों को प्रेस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह उनके लिए गौरव का क्षण है कि उन्हें लोकतंत्र के सबसे मजबूत स्तंभ को सम्मान देने का मौका मिला हा। उन्होंने बरही में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को एक मजबूत कड़ी बताते हुए बरही के विकास में लेखनी की धार को निष्पक्षता पूर्वक और अधिक तेज करने की अपेक्षा किया। पत्रकारों को सम्मान देने के लिए वरिष्ठ पत्रकार जावेद इस्लाम ने धनवार मुखिया का पत्रकार परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकार श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, बिरेंद्र शर्मा, अनुज कुमार सोनी, रितेश कुमार, अनुज यादव, शान अख्तर, सुरेंद्र निषाद, अमित कुमार सोनी, अजय कुशवाहा, धनंजय पांडेय, कमल शंकर पंडित, योगेंद्र प्रजापति, सोनू पंडीत, रौशन कुमार, अनुज सिंह व जयदीप कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## दुलमाहा कांग्रेस पंचायत समिति का हुआ गठन सुभाष यादव अध्यक्ष व मो.जावेद बने सचिव

नवीन मेल संवाददाता




**बरही।** बुधवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में दुलमहा कांग्रेस पंचायत समिति का गठन हुआ। जिसमे दुलमहा पंचायत के सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से सुभाष यादव को दुलमाहा पंचायत समिति का अध्यक्ष व मो जावेद को सचिव बनाया मनोनित किया गया। विदित हो की कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रखड़ के विभिन्न पंचायतों में संगठन विस्तार का कार्य जारी है। इसी के तहत यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपस्थित लोगो को बोलते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्ध होना चाहिए। मौके पर सुनील कुमार भुइयां, बसंत कुमार भुइयां, लक्ष्मण कुमार दास, प्रदीप कुमार भुइयां, सहदेव यादव, महेश यादव, भुनेश्वर भुइयां, रविंदर यादव, कृष्णा यादव, दशरथ रविदास, गुलाब यादव, बलदेव यादव, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद जावेद, श्याम, सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अर्द्धनिर्मित सड़क से उड़ते धूल व अन्य समस्याओं को लेकर सीओ को ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** सामंतों पंप के नजदीक जीटी रोड और ओल्ड जीटी रोड फॉरेस्ट ऑफिस के समीप इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग के पास बने पुल पर सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य आधा अधूरा करके छोड़ दिया गया है। जिससे आम लोगो को आवागमन एवं धूल से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर स्कूल जानेवाले नन्हे मुन्ने बच्चे इससे ज्यादा परेशान हैं। धूल के कारण आसपास के लोगो का घर पूरी तरह से धुलमय बना रहता है। जिससे कई लोग बीमार हो रहे है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है। कुछ ही दिन पूर्व अर्ध निर्मित शर्ट के कारण एक ट्रक का घर में घुसने से घर का सामने का हिस्सा ढह गया। इस बाबत विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप एवं प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार साहू के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो से मिलकर ज्ञापन दिया। साथ ही अर्धनिर्मित सड़क को अति सिंह पूरा करने का मांग किया। शिष्टमंडल में रघुनंदन यादव, यमुना यादव, अनिल ठाकुर, बिट्टू यादव, पंकज कुमार, उमेश कुमार सिंह, सुभाष यादव आदि शामिल थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर डेमोटांड़ स्थित एक ढाबे के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मंगलवार की रात एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान इचाक थाना अंतर्गत तिलरा निवासी संतोष के रूप में की गई है। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल पुलिस की गश्ती दल घटनास्थल पर पहुंची। फिर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक के तीन बच्चे हैं। वह डेंटल कॉलेज में कुक का काम करता था। जबकि उसकी पत्नी एनएच के किनारे होटल चलाती है। मंगलवार की रात संतोष ड्यूटी कर पैदल डेरा की ओर जा रहा था। इस दौरान दुर्घटना हुई।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी ढाबा तोड़ देने के मामले में जवाब मांगा

**कोडरमा।** झारखंड हाईकोर्ट ने कोडरमा एसडीओ द्वारा एक भूमि पर से कब्जा हटाये जाने के मामले सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूर्व में जारी किए गए आदेश पर यथास्थिति बनाने रखने का आदेश दिया है। प्रार्थी संतोष कुमार की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता शुभाशिष रसिक सोरेन ने पक्ष रखा था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि संतोष कुमार विवादित भूमि पर एक ढाबा का संचालन कर रहे थे। कुछ दिनों पूर्व एसडीओ के आदेश से उनकी दुकान तोड़ दी गई। जबकि यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है और वर्ष 2020 में हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद एसडीओ ने दुकान तोड़ने का आदेश दे दिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने मौखिक रूप से एसडीओ के द्वारा की गई कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रार्थी की दुकान वापस बनाकर दें। हाईकोर्ट ने कहा कि जब इस मामले में न्यायालय आदेश पारित कर चुका है तो एसडीओ को अदालत के आदेश की अवहेलना नहीं करनी चाहिए थी। इस पूरे मामले में अदालत ने कोडरमा एसडीओ से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है।

## दुष्कर्म और हत्या के आरोपियों को पकड़ने की मांग पर एसपी को ज्ञापन सौंपा



नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा। डोमचांच** कांड संख्या 137/2022 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने को लेकर भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को कोडरमा पुलिस अधीक्षक गौरव कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने मांग किया है कि इस कांड में एसआईटी टीम गठित कर जांच कर दोषी व्यक्तियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए एवं चार्जशीट 15 दिनों के अंदर न्यायालय में जमा किया जाय। ताकि फास्ट ट्रेक कोर्ट में यह केस चल चले और पीड़िता परिवार को जल्द न्याय मिल सके। नाबालिग बच्ची के साथ इस तरह की घटना को अंजाम देना कोडरमा जिला के लिए शर्मनाक है। असामाजिक व्यक्तियों ने विधवा महिला की बच्ची होने का फायदा उठाया है। श्री रजक ने आरोप लगाया कि सूत्रों से पता चल रहा है कि मामला को रफा-दफा करने के लिए पैसा का बोली लगाया जा रहा है। पीड़िता की मां सौदा करने से इंकार कर रही है, जिसके कारण पीड़िता की मां को कुछ असामाजिक व्यक्तियों के द्वारा बराबर धमकियां मिल रही है। इसलिए कोडरमा पुलिस गौरव कुमार से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग की है कि इस कांड में संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब गिरफ्तार करें। यदि 15 दिनों के अंदर गिरफ्तार नहीं होती है तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करने का फैसला लेगी। ज्ञापन सौंपने में कोडरमा अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद असलम, मोहम्मद रोशन अली, नूरैसा खातून शामिल थे।

## आजसू पार्टी वार्ड नं 29 कोठार में महिला मोर्चा की कमेटी का किया गया गठन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 29 कोठार में आजसू महिला मोर्चा कमेटी का बुधवार को गठन किया गया। कमेटी गठन में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ नगर परिषद के अध्यक्ष युगेश बेदिया, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, रामगढ़ नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो, सचिव राजेंद्र महतो, वार्ड पार्षद देवधारी महतो, वार्ड पार्षद रोशन कुमार, महासचिव छोटू पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष छात्र संघ मनोज कुमार महतो, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, अनुसूचित जाति महासभा के अध्यक्ष राजेश राम उपस्थित हुए। कमेटी गठन बैठक की अध्यक्षता वार्ड सचिव माधव महतो व संचालन ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नरेश महतो किया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने कहा कि महिला मोर्चा के गठन होने से पार्टी की नीति सिद्धांत जन जन तक पहुंचेगी, पार्टी को मजबूती मिलेगी। उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि महिला मोर्चा में योग्य और सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन में महिलाओं की सक्रियता से सांगठनिक कार्यों को गति मिलेगी, पार्टी लोगों तक ओर लोग पार्टी से जुड़ेंगे, आजसू पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। वही, रामगढ़ नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डो में महिला मोर्चा कमेटी का गठन किया जा रहा है। महिला मोर्चा कमिटी गठन होने से महिलाओं में राजनीतिक और सामाजिक विषयों को लेकर जागरूकता आएगी। आधी आबादी की शक्ति से संगठन सशक्त होगा। आजसू पार्टी अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी। कमिटी में अध्यक्ष अनिता देवी, सचिव सावित्री देवी, कोषाध्यक्ष रेणु देवी कार्यकारी अध्यक्ष साविया देवी उपाध्यक्ष ललिता देवी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी शान्त देवी, सुषमा देवी को बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड नं 29 अध्यक्ष कल्लू राम, कोषाध्यक्ष संतोष महतो, सहदेव महतो, छोटेलाल महतो, दौलत मुंडा, कृष्ण कुमार, टिंकु मुंडा, अशोक राम, सुजित महतो, जगदीश महतो, शिवशंकर महतो,जगरनाथ महतो, खेमलाल महतो, अंजली देवी, रिंकी देवी, सुशीला देवी, काजल देवी, मंजू देवी, शीला देवी, मिना देवी, उमा देवी आदि उपस्थित थे।

## कोरोनाकाल में पत्रकारों के लिए चुनौती पर संगोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर प्रेस क्लब कोडरमा की ओर से राजकीय पॉलिटेक्निक में कोरोनाकाल में पत्रकारों के लिए चुनौती पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव शामिल हुई और विशिष्ट अतिथि के रुप में उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता शामिल हुईं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सतीश वर्णवाल ने स्वागत भाषण किया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोरोनाकाल में मीडिया के बंधुओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। मीडिया के बंधुओं ने समाज के बीच कोरोना के प्रति जागरुक करना, लोगों को इस आपदा के बारे से रुबरु करने के साथ-साथ लोगों के बीच सूचनाएं प्रेषित करने का काम किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा जिला के पत्रकार बंधुओं का जितना सहयोग जिला प्रशासन को और सकारात्मक सोच के साथ काम करने वाले हो, कोई अन्य जिला में नहीं देखने को मिला है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि कोरोना काल के 2 वर्ष में पुलिस व जिला प्रशासन और कई लोगों ने काम किया परंतु मीडिया के बंधुओं ने लोगों के बीच जाकर जो काम किया, वह काबिले तारीफ है। जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि आपलोगों ने हर मुददे पर निर्भीक पत्रकारिता की है। कोरोना काल में पत्रकार बंधुओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई। मंच का संचालन प्रेस क्लब के सचिव गौतम राणा ने किया, वहीं प्रेस क्लब के द्वारा पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी खेलने के आरोप में दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**डोमचांच।** कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनोडीह व महेशपुर से थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के नेतृत्व में ऑनलाइन सट्टेबाजी खेलने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें राजू कुमार पिता शिबू मेहता महेशपुर निवासी व नीतीश कुमार पिता सच्चितानंद मेहता नवलशाही निवासी के नाम शामिल हैं। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान ने बताया कि सट्टेबाजी में अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है। उल्लेखनीय हो कि सट्टेबाजी में संलिप्त अभियुक्तयों का पता तब चला जब मसनोडीह निवासी लखनलाल मेहता ने अपने घर से 9 लाख 45 हजार रुपये की चोरी होने की सूचना डोमचांच थाने को दी। तब डोमचांच थाना प्रभारी द्वारा गहन जांच करते हुए बात सामने आई कि पैसे की चोरी लखन लाल मेहता के बेटे द्वारा ही की गई थी जिसके बाद और वह उस रकम को सट्टेबाजी में हार गया था जिसके बाद कोडरमा पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार टेक्निकल सेल के माध्यम से पता लगाया गया तो उक्त दोनों अभियुक्त के नाम सट्टेबाजी ने सामने आए। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि अभी भी अन्य सट्टेबाजों की तलाश जारी है।

## न्यूज गैलरी

### मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना और गौसेवा कर मुख्यमंत्री योगी लखनऊ के लिए हुए रवाना



**बलरामपुर (एजेंसी)।** देवीपाटन मंदिर में दो दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह मां पाटेश्वरी के दर्शन पूजन किया। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में प्रमुख संतों से मुलाकात की। शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में ब्रम्हलीन महंत महेंद्र नाथ योगी के 22वीं पुण्यतिथि पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख मठ-मंदिरों के संत-महंत के साथ गोरक्ष पीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धांजलि अर्पित करने देवीपाटन पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने आज सुबह मां पाटेश्वरी दरबार में हाजिरी लगाई और दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित गोशाला में पहुंचकर गोवंश की सेवा की, उन्हें हरा चारा खिलाया। मंदिर परिसर में आए प्रमुख मठ-मंदिरों के संत महंतों से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ सुबह 9:10 बजे शक्तिपीठ से मां पाटेश्वरी स्कूल के हेलीपैड पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान पूरे मंदिर पर अभेद सुरक्षा व्यवस्था रही।

### बेल बॉन्ड भरने कोर्ट पहुंचे पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय कुमार सिंह ने बुधवार को दानापुर कोर्ट में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पास बेल बॉन्ड भरा। कार्तिकेय सिंह ने दानापुर व्यवहार न्यायालय के अजय कुमार के कोर्ट में बेल बॉन्ड भरा। हालांकि, इससे पूर्व कार्तिकेय सिंह को पटना उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह पर 2014 में बिहटा के राजीव रंजन सिंह उर्फ राजू सिंह का अपहरण में शामिल होने का आरोप है। इसको लेकर बिहटा थाने में कांड संख्या 859/2014 के तहत मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल यह मामला दानापुर मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास के पास लंबित है। राजू सिंह के भतीजे सचिन कुमार ने 14 नवंबर, 2014 को बिहटा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला सामने आने के बाद महागठबंधन की सरकार में शामिल कार्तिकेय कुमार को कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

### अभिनेत्री ऐन्द्रिला शर्मा पड़ा दिल का दौरा, हालत बिगड़ी



**कोलकाता (एजेंसी)।** अभिनेत्री ऐन्द्रिला शर्मा की हालत दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है। स्ट्रोक के बाद इस बार अभिनेत्री को दिल का दौरा पड़ा है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब दस बजे अभिनेत्री को दिल का दौरा पड़ा जिसके बाद से उनकी हालत और अधिक बिगड़ गई है। उन्हें सीपीआर दिया गया है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को स्कैन रिपोर्ट से पता चला है कि ब्रेन स्ट्रोक के बाद ऐन्द्रिला के सिर के जिस हिस्से में उसका ऑपरेशन किया गया था, उसके विपरीत हिस्से में खून का थक्का है। डॉक्टरों ने कहा कि अभिनेत्री को पिछली दवा के बजाय नई एंटीबायोटिक्स पहले से ही दी जा रही हैं। अभिनेत्री का पहले से भी अधिक ध्यान रखा जा रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि नए ब्लड क्लॉट का ऑपरेशन करना संभव नहीं है। दवा देकर कम करने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल के सूत्रों ने पहले ही संकेत दे दिया था कि संक्रमण चिंता बढ़ा रहा है। स्थिति बिल्कुल भी आशाजनक नहीं है।

### सिलीगुड़ी : 13 किमी फोर-लेन एलिवेटेड सड़क का आज नितिन गडकरी करेंगे शिलान्यास

**सिलीगुड़ी (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी आज सिलीगुड़ी पहुंच रहे हैं। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। नितिन गडकरी सिलीगुड़ी में बालासन से सेवक तक एलिवेटेड सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इधर, केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी के आगमन से पहले दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने दागापुर मैदान का मुआयना किया। इस दौरान सांसद राजू बिष्ट ने कहा कि सिलीगुड़ी सपनों का शहर बनने को तैयार है। पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वारा अब जाम से मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि कल केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सिलीगुड़ी दागापुर मैदान से 13 किमी फोर-लेन एलिवेटेड रोड का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सड़क परियोजना के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि कल पहाड़ के साथ-साथ सिलीगुड़ी के लोगों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा।


# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10459 पुलिसकर्मियों को दिया नियुक्ति पत्र

## जल्द बहाली के लिए अधिकारियों को खड़े करके भरवाई हामी

■ समय पर चार्जशीट दाखिल करने की दी नसीहत

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी के गांधी मैदान में बुधवार को 10 हजार 459 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया। इनमें 8246 सिपाही और 2213 अवर निरीक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस के वरीय अधिकारियों से कहा कि पुलिस में तेजी से बहाली करें। पुलिसकर्मियों को ठीक तरह से ट्रेनिंग दें। सिर्फ केस दर्ज न करें, बल्कि समय सीमा के अंदर चार्जशीट भी दाखिल करें ताकि जल्द सजा हो सके।

मंच पर बैठे गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद और मुख्य सचिव को कहा कि बहाली जल्दी से कराइए। ट्रेनिंग बढ़िया से कराइए। जितना भी हम काम कह रहे हैं, उसको ठीक से कराइए। पुलिस भवन को मेंटेन करिए। इसके बाद नीतीश कुमार ने पुलिस के वरीय अधिकारियों से कहा कि हम आप लोगों से उम्मीद करें



ना भाई। आप लोग खड़ा हो करके बोल दीजिए। मुख्य सचिव से लेकर डीजीपी व अन्य अधिकारियों को नीतीश कुमार ने खड़ा कराया और सबसे हामी भरवाई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था ठीक रहे इसके लिए पेट्रोलिंग की सही व्यवस्था हो। डायल 112 में और अधिक गाड़ियां बढ़ाएं ताकि लोगों को सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध हो सके। विधि व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए अधिक पुलिस बल की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि 2010 में हमने जो सर्वे कराया उनके अनुसार बिहार में 152232 पद बनाया। खाली पदों को भरने के लिए कई दफे बहाली हुई लेकिन दो साल कोरोना के कारण बहाली नहीं हो पायी। आज जो 10 हजार 459 पुलिसकर्मियों की नियुक्ति हुई है इसको मिलाकर कुल संख्या 108000 हुआ है। अभी भी 44000 पर रिक्त है इसे जल्दी भरा जाये। अभी हाल ही में हमने तय कर दिया है कि पहले एक लाख की आबादी पर 115 की बहाली होनी थी अब उस अनुपात को और बढ़ाया जायेगा। हमारा एरिया सीमित है और आबादी ज्यादा है। अब एक लाख की आबादी पर 160-170 पुलिसकर्मियों की नियुक्ति करनी है।

डीजीपी और गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब देरी मत करिएगा, जल्दी से बहाली कराईये। अगर आज कम संख्या रहती तो हम यहां नहीं आते। यह संख्या हमने 2010-11 में ही तय किया था। 2013 आते-आते हमने तय किया कि महिलाओं को 35 फीसदी का आरक्षण होना चाहिए। अभी पुलिस में 25 परसेंट पर महिला पहुंची है। हमें कम से कम 35 परसेंट पहुंचाना है। पहले तो महिला घर में ही बंद रहती थी। हम यही चाहते हैं कि पुलिस में और तेजी से बहाली हो।

मुख्यमंत्री नीतीश ने पुलिस के वरीय अधिकारियों से कहा कि केस करते हैं और जांच नहीं करिएगा तो फिर कैसे सजा होगी। इसलिए क्राइम को कंट्रोल करना है तो 60 दिन में चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए। अभी इन लोगों के यहां कितना दिन से केस पेंडिंग है। केस दर्ज हो तो एक समय सीमा के अंदर जांच हो जानी चाहिए और मामला कोर्ट में दाखिल हो जाना चाहिए। बिहार पुलिस की ट्रेनिंग पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग पूरी होती भी नहीं की उन्हें काम पर लगा दिया जाता है। काम पर पता चलता है कि पुलिसकर्मी कंट्रोल ही नहीं कर पा रहे है। ट्रेनिंग पूरी होगी तभी तो मजबूती से काम होगा।

## तृणमूल की आपसी गुटबाजी में जमकर हुई बमबारी, कार्यकर्ता का हाथ उड़ा




**मेदिनीपुर (एजेंसी)।** बीरभूम के बाद अब पश्चिम मेदिनीपुर के केशपुर में भी सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों के बीच हुई बमबारी में पार्टी के कार्यकर्ता का हाथ उड़ गया है। घटना बुधवार सुबह की है। यहां के चड़का गांव में हुई इस घटना में जिस कार्यकर्ता का हाथ उड़ा है उसकी पहचान शेख रफीकुल अली के तौर पर हुई है। उसके दाहिने हाथ में गंभीर जख्म लगे हैं जिसके बाद पुलिस ने उसे केशपुर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज की पुख्ता व्यवस्था नहीं होने की वजह से उसे मेदनीपुर मेडिकल कॉलेज में ले जाकर भर्ती कर दिया गया है। स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि इलाके में वर्चस्व को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल के दो गुटों के बीच हिंसक टकराव की शुरूआत हुई थी। उसी में शामिल रफीकुल पर बमबारी होने की वजह से उसके दाहिने हाथ में जख्म लगे हैं। यह क्षेत्र राज्य की ग्रामीण विकास राज्य मंत्री शिवली साहा का विधानसभा इलाका है। उन्होंने कहा कि आज दोपहर एक बजे केशपुर बाजार में तृणमूल कांग्रेस की महारैली होनी थी। उसके पहले यह वारदात हुई है। मेरे पास पुख्ता सूचना है कि इसमें माकपा के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा की घटना का किसी भी तरह से समर्थन नहीं किया जा सकता। पुलिस को निष्पक्ष जांच के लिए कहा गया है। हालांकि शिवली के आरोप पर राज्य के पूर्व मंत्री तथा माकपा के जिला सचिव सुशांत घोष ने कहा कि शिवली जिस पार्टी से हैं उसकी मुखिया कहती हैं कि बंगाल में माकपा बची ही नहीं है लेकिन अब शिवली को माकपा का भूत दिखाई दे रहा है। इस तरह की हिंसक घटनाओं से हमारी पार्टी या कार्यकताओं का कोई लेना-देना नहीं है। इसके पीछे विशुद्ध रूप से तृणमूल के ही लोग शामिल हैं। भाजपा के सांगठनिक जिलाध्यक्ष तन्मय दास ने कहा कि इलाके में रंगदारी वसूली और वर्चस्व को केंद्र तृणमूल के दो गुटों में बमबारी हुई है। यहां पुलिस प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेता मंत्री बंदूक और बम के दम पर लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। इसके पहले गत सोमवार को बीरभूम जिला अंतर्गत सैंथिया के बहरमपुर गांव में भी इसी तरह से बमबारी हुई थी जिसमें पार्टी के दो कार्यकर्ताओं का हाथ पैर उड़ गया था। घटना में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि केशपुर की घटना में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## बिहार के कुढ़नी विधानसभा सीट पर उपचुनाव में पूरी ताकत लगायेगी एआईएमआईएम

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष-सह-विधायक अख्तरूल ईमान ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी ने गुलाम मुर्तजा अंसारी को कुढ़नी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मैदान में उतारा है। चुनाव में हम अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम किसी पार्टी या नेता के बंधुआ नहीं हैं। हर पार्टी मुसलमानों का वोट लेती है लेकिन उनके लिए कुछ करने का काम नहीं करती है। आजादी के बाद अब तक मुसलमान केवल वोट बैंक के रूप में प्रयोग होते रहे हैं। उनके विकास पर किसी ने कोई काम नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि गुलाम मुर्तजा अंसारी ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के सदस्य और पूर्व जिला पार्षद हैं। वे जदयू और राजद में भी रह चुके हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि कुढनी की चुनावी लड़ाई में गुलाम मुर्तजा अंसारी को कितने वोट मिलते हैं। माना जा रहा है कि असदुद्दीन ओवैसी नीतीश कुमार का खेल बिगाड़ने की पूरी कोशिश करेंगे।

असदुद्दीन ओवैसी ने बयान जारी कर कहा कि गोपालगंज का उपचुनाव लड़ना उनकी पार्टी का सही कदम था। ओवैसी ने कहा कि वे लालू-नीतीश या कांग्रेस से पूछ कर तो चुनाव नहीं लड़ेंगे। बिहार में राजद की सरकार है, ये तजस्वी यादव को सोचना चाहिए कि लोगों ने उन्हें वोट क्यों नहीं दिया।

**कुढ़नी में 40 हजार मुस्लिम वोटर :** कुढ़नी में 40 हजार से ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं जबकि यादव मतदाताओं की संख्या 42 हजार हैं। भूमिहार वोटर 34 हजार हैं। राजपूत 22 हजार, कुशवाहा-कुर्मी के 36 हजार वोटर हैं। अति पिछड़ा के 25 हजार जबकि दलित और महादलित वोटर 28 हजार हैं। इसके साथ दूसरी जातियों के 19 हजार वोटर हैं।

## शिवपाल समेत जो भी सहयोग करेगा, उसका स्वागत : केशव

**एटा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का दावा करते संकेत दिया कि इस अहम चुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का सहयोग लेने में भी पार्टी पीछे नहीं हटेगी। भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य का नामांकन करवाने मैनपुरी जाते समय एटा मे पत्रकारों से बातचीत में श्री मौर्य ने प्रसपा अध्यक्ष से सहयोग लेने के सवाल पर कहा जो भी सहयोग करेगा उसका सबका स्वागत है। कमल खिलाने के लिये लोग तैयार हैं। आजमगढ़ मे कमल खिलाफ चुका है, रामपुर मे कमल खिल चुका है, गोला उप चुनाव में कमल



खिल चुका है, मैनपुरी उप चुनाव मे कमल खिलेगा। रामपुर विधान सभा उप चुनाव मे कमल खिलेगा। कमल खिलने का युग आ गया है, साइकिल को जनता ने पंचर पर दिया है। श्री शिवपाल यादव और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच नाराजगी का भाजपा को फायदा मिलने के प्रश्न पर उन्होने कहा हम किसी की नाराजगी का फायदा नहीं लेते है। हम लोगो से सेवा करने का अवसर मांग रहे हैं और निश्चित तौर से रघुराज शाक्य ही जीतेंगे। फिरोजाबाद, बदायूं, आजमगढ़, रामपुर जिसे सपा अपना गढ़ समझती थी वो अब भाजपा का गढ़ है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के प्रति सम्मान जताते हुये उन्होने कहा कि उनकी पार्टी श्री यादव के प्रति सम्मान के कारण कभी भी पूरी मजबूती से उनके खिलाफ प्रचार नहीं करती थी। आदरणीय मुलायम सिंह यादव का हमारा नेतृत्व भी सम्म्मान करता था, पार्टी भी सम्मान करती थी,इसलिए उनके खिलाफ प्रचार नहीं करते थे और यही कारण है कि अभी तक मैनपुरी लोकसभा मे भाजपा को जीत नहीं मिली है।

## ललन ने जदयू की सदस्यता अभियान की सफलता पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को दी बधाई



**पटना (एजेंसी)।** जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को सदस्यता अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने पर धन्यवाद और बधाई दी है। ललन सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पर्व-त्योहारों में व्यस्तता और अल्पावधि के बावजूद पार्टी की सदस्यता अभियान को पूर्ण सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी जुझारू और कर्मठ साथियों का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी समर्पित और निष्ठावान साथी ही नेता नीतीश कुमार की शक्ति और संबल हैं।

## मुख्यमंत्री ने डोंगरगढ़ विस क्षेत्र को दी करोड़ों की सौगात

**रायपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भूपेश ने बुधवार को भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव जिला के डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 46 करोड़ 56 लाख 44 हजार रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर करोड़ों रुपये की लागत के कार्यों की सौगात दी। इसमें 35 करोड़ 69 लाख 42 हजार रुपये के 44 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 10 करोड़ 87 लाख रुपये के आठ विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव अंतर्गत 23 करोड़ 47 लाख 37 हजार रुपये के 27 कार्य, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव अंतर्गत सात करोड़ तीन लाख 19 हजार रुपये के दो कार्य, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव अंतर्गत 31 लाख 23 हजार रुपये के दो कार्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव अंतर्गत 70 लाख रुपये के एक कार्य, कार्यपालन अभियंता परियोजना क्रियान्वयन इकाई



क्रमांक 1 राजनांदगांव अंतर्गत चार करोड़ 40 हजार रुपये के 11 कार्य एवं जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 17 लाख 23 हजार रुपये के एक कार्य का भूमिपूजन किया। इसी तरह मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव अंतर्गत 99 लाख 28 हजार रुपये के दो कार्य, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव अंतर्गत 6 लाख 61 हजार रुपये अंतर्गत 1 कार्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 11 लाख रुपये के एक कार्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 15 लाख 35 हजार रुपये के एक कार्य, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत पांच लाख 20 हजार रुपये अंतर्गत एक कार्य एवं कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण लोक निर्माण विभाग दुर्ग अंतर्गत नौ करोड़ 49 लाख 58 हजार रुपये के दो कार्य का लोकार्पण किया।

## पार्थ की संपत्ति के सारे दस्तावेज अधिवक्ता को सौंपेगी ईडी

**कोलकाता (एजेंसी)।** शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की संपत्ति से संबंधित सारे दस्तावेज केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनके अधिवक्ता को सौंपेगी। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। बताया गया है कि सीडी की शक्ल में सारे दस्तावेज डिजिटलाइज कर पार्थ चटर्जी के अधिवक्ता को दिया जाएगा। पार्थ चटर्जी के खिलाफ कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की गई है उसमें ईडी ने बताया है कि न केवल पश्चिम बंगाल और देश के दूसरे राज्यों के अलावा पार्थ की संपत्ति विदेशों में भी है। यहां तक कि कुत्ते के रहने के लिए उसने अलग से एक पूरी बिल्डिंग खरीद रखी थी। पार्थ चटर्जी के अधिवक्ता ने सोमवार को अलीपुर कोर्ट में पेशी




के दौरान दावा किया था कि चटर्जी की संपत्ति के रूप में जिन दस्तावेजों का जिक्र किया जा रहा है वे हमें उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। जब तक वह सारे दस्तावेज नहीं दिए जाएंगे तब तक स्पष्ट नहीं होगा कि वे संपत्ति पार्थ के हैं या नहीं। इसकी जांच अलग से जरूरी है। इसके बाद ही ईडी ने ये सारे दस्तावेज पार्थ के अधिवक्ता को देने का निर्णय लिया है। चटर्जी के अधिवक्ता सलीम रहमान ने बुधवार को कहा कि पार्थ चटर्जी को केवल जेल में रखने की जुगत केंद्रीय एजेंसी लगा रही है। यहां तक कि ईडी के साथ सीबीआई भी चौतरफा घेराबंदी कर रही है जबकि चटर्जी के खिलाफ कोई नया तथ्य नहीं मिल रहा। दावे किए जा रहे हैं कि उनकी संपत्ति बहुत बड़ी है जो गैरकानूनी रुपये से खरीदी गई है लेकिन संपत्ति के दस्तावेज ही नहीं दिए जा रहे हैं। अगर ईडी ऐसा कोई दस्तावेज देती है तो उसे जांचा जाएगा ताकि यह साफ हो सके कि संपत्ति पार्थ की ही है।

# सात समंदर पार कर काशी पहुंचने लगे मेहमान परिंदे, कलरव से गूंजा गंगा तट

## पर्यटक पूरे उत्साह के साथ साइबेरियन पक्षियों को दाना चुगा रहे, छोटे बच्चों में देखने का बढ़ा आकर्षण

**वाराणसी (एजेंसी)।** अगहन माह में ठंड बढ़ने के साथ ही काशीपुराधिपति की नगरी में सात समंदर पार कर मेहमान परिंदे पहुंचने लगे हैं। साइबेरियन पक्षियों के कलरव से गंगा तट गूंज रहा है।

उत्तरवाहिनी गंगा और पथरीलें अर्धचंद्राकार घाटों पर विदेशी पक्षियों का कलरव पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी भाने लगा है। घाट पर अलुसबह लोग नावों में सवार होकर इन पक्षियों को दाना चुगाने में खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों में इन मेहमान पक्षियों का जादू सिर चढ़ कर बोल रहा है। मानसरोवर घाट के कैलाश और पप्पू मांझी बताते हैं कि साइबेरियन पक्षी अक्टूबर से लेकर फरवरी



माह तक यहां प्रवास करते हैं। काशी सहित भारत में गर्मी का एहसास होते ही वापस लौट जाते हैं। ठंड की शुरूआत होते ही साइबेरियन पक्षी काशी में आने लगते है। अक्टूबर माह के अंत से ही साइबेरियन मेहमानों की आमद शुरू हो जाती है। ये पक्षी नदियों, जंगल के निकट झीलों में ज्यादातर समय बिताते हैं।

उल्लेखनीय है कि इन पक्षियों का भोजन पर्यटकों की ओर से दिया जाने वाला सेव नमकीन होता है। जैसे पर्यटक या नाविक इन पक्षियों को आवाज देते हैं, सभी भोजन पाने के लिए चह-चहाते हुए पहुंच जाते हैं। ये पक्षी पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होते हैं। गंगा तट पर ये पक्षी प्राकृतिक सौंदर्य में चार चांद लगा देते हैं। लगभग तीन माह इनकी अठखेलियां पर्यटक और सैलानियों को अपनी ओर काफी आकर्षित करते हैं। ये पक्षी लगभग छह हजार किलोमीटर की दूरी काशी आने के लिए तय करते हैं। इस दूरी में बर्फीले क्षेत्र से लगाते रेगिस्तान तक की बाधा भी रहती है। इसके बाद ये पक्षी गंगा घाटों के किनारे मंदिरों, ऊंचे पेड़ों पर प्रवास करते हैं।

वन विभाग के अफसरों के अनुसार इनमें साइबेरियन पक्षी साइबेरियन सी गल, बेवलर, सन बर्ड सहित अनेक पक्षियों की प्रजाति शामिल होती हैं। प्रवासी पक्षी बनारस और कैथी के आसपास बड़ी संख्या में रहते है। इन दिनों साइबेरिया सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में बर्फ जमी होती है। जबकि बनारस का मौसम उस समय न तो बहुत ठंड होता है न बहुत गर्म। साथ ही यहां पर इन पक्षियों के खाने के लिए कई तरह के नदी में छोटी मछलिया, जीव-जंतु भी मिल जाते हैं।

## बंगाल की खाड़ी में बन रहा एक और चक्रवात, बारिश के आसार

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल से सटी बंगाल की खाड़ी में एक और चक्रवात बन रहा है। मौसम विभाग ने बुधवार को जारी अपने बयान में बताया है कि आज ही से इसके प्रभाव से अंडमान निकोबार द्वीप समूह पर हल्की बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके अलावा तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों में भी बारिश हो रही है। हालांकि इसका बहुत अधिक असर फिलहाल पश्चिम बंगाल पर नहीं पड़ा है लेकिन मौसम विभाग ने बताया है कि 21 नवंबर से पहले पश्चिम बंगाल के भी समुद्र तटीय जिले यानी हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, कोलकाता तथा पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर में हल्की बारिश होगी। इसके बाद तापमान में और अधिक गिरावट होगी। पिछले तीन दिनों से कोलकाता में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के करीब रह रहा है जिसके कारण यहां सर्दी बढ़ गई है। बुधवार को यहां न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस है जो सामान्य से दो डिग्री कम है जबकि अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस है जो सामान्य से एक डिग्री कम है। अन्य जिलों में भी इसी तरह से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कालिमपोंग में भी तापमान में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी है।

